TATA

क्रमांक/भानेप्रो–।।/वनभूमि/प्रस्ताव/2019–20/104–01 रायपुर, दिनांक : 16/03/2020

प्रति,

**वनमण्डलाधिकारी महोदय,**
मुंगेली वनमण्डल,
जिला – मुंगेली, (छत्तीसगढ़).

विषय : भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना "भारतनेट प्रोजेक्ट फेस–।।" के सफल क्रियान्वयन हेतु मुंगेली जिला के मुंगेली वनमण्डल क्षेत्रांतर्गत लोरमी ब्लॉक के अन्तर्गत शामिल ग्राम पंचायत के मार्ग समानांतर वनभूमि वनभूमि रकबा 0.206 हे. पर ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने बिछाने हेतु वन भुमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसाइटी (चिप्स), रायपुर, छत्तीसगढ़ को उपयोग पर देने बाबत्। पंजीयन क्रमांक FP/CG/OFC/42453/2019

संदर्भ : आपका का पत्र क्रमांक/मा.चि./903, मुंगेली दिनांक 11/03/2020

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख है कि मुंगेली जिला के मुंगेली वनमण्डल क्षेत्रांतर्गत लोरमी ब्लॉक के अन्तर्गत शामिल ग्राम पंचायत के मार्ग समानांतर रकबा 0.206 हे. वनभूमि पर ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने के हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत प्रस्ताव एवं डी.जी.पी.एस./लीडार सर्वे रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किया गया था । संदर्भित पत्र में लेख है कि उक्त प्रकरण में महोदय जी के द्वारा स्थल निरीक्षण के उपरांत ये बात प्रकाश में आया है कि आवेदित क्षेत्र में से कक्ष क्रमांक 1529 पी.एफ. रकबा 0.143 हे. संरक्षित वनभूमि में प्रभावित न होकर राजस्व भूमि में प्रभावित हो रही है। प्रस्तावित ओ.एफ.सी. रूट में तकनीकि कारणों से आंशिक बदलाव किया गया इस कारण प्रस्तावित ओ.एफ.सी. रूट कक्ष क्रमांक 1529 पी.एफ संरक्षित वनभूमि से न गुजर कर, राजस्व भूमि से गुजर रही है।

महोदय जी से निवेदन है कि कृपया कुल आवेदित रकबा 0.206 हे. में से कक्ष क्रमांक 1529 पी.एफ. रकबा 0.143 हे. संरक्षित वनभूमि को विलोपित करते हुए शेष 0.063 हे. के व्यपवर्तन हेतु आवश्यक कार्यवाही करे।

TATA PROJECTS LIMITED

प्राधिकृत अधिकारी
टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड
वास्ते – संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी (आवेदक)
छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसाइटी (चिप्स)
रायपुर छत्तीसगढ़

**TATA PROJECTS LIMITED**
Bharat Net Project, Office No-402, 4th Floor, Offizo, Magneto The Mall, GE Road, Labhandi, Raipur-492001
Mob:-+ 91 7000240007, Email: ajayn@tataprojects.com, www tataprojects.com

Registered Office Mithona Tower ·1- 1-7-80 to 87 Prenderghast Road Secunderabad 500 003 Telangana India
Tel+ 91406673 8801 Fax + 91406617 2535 email: tpl@tataprojects.com www.tataprojects.com
CIN U45203AP1979PLCOS7431

# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी मुंगेली, वनमण्डल मुंगेली (छ.ग.)

Email – dfomungeli@gmail.com

क्र/मा.चि./ 903 2020/मुंगेली, दिनांक 11 /03/2020

प्रति,

प्राधिकृत अधिकारी
टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड
रायपुर (छ.ग.)

विषय :– **Diversion of Forest Land for non-forest purpose under Forest Conservation Act, 1980 Proposed for BharatNet Phase-II Mungeli Division "BharatNet project which is a GOI initiative. Under this project, connectivity will be provided at 5,987 GPs & 85 Blocks through optic fiber cable laying of approximately 32,466 KM. The laying of Optical Fiber cable of 32,466 KM will involve 26 district across the States", area – 0.206 ha.-regarding**

संदर्भ :– आपका पत्रक्र/भानेप्रो–II/ वनभूमि/प्रस्ताव/2019–20/104 दिनांक 03.03.2020

----00----

विषयांतर्गत लेख है कि Chhattisgarh Infotech Promotion Society (CHIPS), द्वारा वन संरक्षण अधिनियम, 1980 अंतर्गत BharatNet Phase-II Mungeli Division "BharatNet project which is a GOI initiative. Under this project, connectivity will be provided at 5,987 GPs & 85 Blocks through optic fiber cable laying of approximately 32,466 KM. The laying of Optical Fiber cable of 32,466 KM will involve 26 district across the States", हेतु कुल क्षेत्र 0.206 हे. मुंगेली वनमण्डल अंतर्गत वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु आनलाईन पंजीयनक्रमांक FP/CG/OFC/42453/2019 आबंटित किया गया है। जिसका व्यपवर्तन प्रस्ताव तैयार कर आपके संदर्भित पत्र के द्वारा इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित क्षेत्र का स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 08.03.2020 को आपके प्रतिनिधि श्री राजेश दिनकर की उपसिथति में किया गया, जिसके अनुसार आपके द्वारा आवेदित कक्षक्रमांक 1529 पी.एफ. रकबा 0.143 हेक्टेयर क्षेत्र संरक्षित वनभूमि में प्रभावित न होकर राजस्व भूमि में प्रभावित हो रही है।

अतः आपके द्वारा प्रस्तुत मूलतः वापस किया जाकर लेख है कि वनभूमि का पंजीयन में आवश्यक सुधार कराकर संशोधित प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करें, ताकि प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

वनमण्डलाधिकारी
मुंगेली वनमण्डल मुंगेली (छ.ग.)

पृ.क्र/मा.चि./ 904 2020/मुंगेली, दिनांक 11 /03/2020

**प्रतिलिपि :–**

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध/व.सं.अ.) छत्तीसगढ़, रायपुर को सूचनार्थ संप्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर वृत्त बिलासपुर को सूचनार्थ संप्रेषित।
3. संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसाइटी (चिप्स) रायपुर, छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
मुंगेली वनमण्डल मुंगेली (छ.ग.)



Scanned with CamScanner